


# तराना की बिजली व्यवस्था भगवान भरोसे, जनता बेहाल

**▸ अधिकारी मौन, जनता परेशान, हादसे का इंतजार क्यों**

**तराना। नगर की विद्युत व्यवस्था आज गंभीर सवालों के घेरे में खड़ी है। ऐसा प्रतीत होता है कि विद्युत विभाग ने नगरवासियों को निर्बाध बिजली देने की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि परेशानियों के साथ जीने की आदत डालने का संकल्प ले रखा है। हालात इतने बदतर हो चुके हैं कि तेज हवा चल जाए तो बिजली बंद, हल्की बारिश हो जाए तो बिजली बंद, कहीं मामूली तकनीकी समस्या आ जाए तो घंटों बिजली बंद, और फिर मेंटेनेंस के नाम पर अलग से कटौती। आखिर कब तक जनता इस अव्यवस्था का दंश झेलती रहेगी।**

नगर के नागरिकों का आरोप है कि वर्षों पूर्व डाली गई विद्युत केबलें और लाइनें अब वर्तमान आवश्यकता के अनुरूप नहीं रह गई हैं। बढ़ती आबादी, बढ़ते व्यापार और बढ़ते विद्युत भार के बावजूद विभाग आज भी उसी पुरानी व्यवस्था के सहारे नगर को चलाने का प्रयास कर रहा है। परिणामस्वरूप आए दिन फाल्ट, ट्रिपिंग और बिजली गुल होने की घटनाएं आम हो चुकी हैं। सवाल यह है कि जब विभाग को पता है कि पुरानी केबलें क्षमता से अधिक लोड झेल रही हैं, तब उन्हें बदलने और व्यवस्था को आधुनिक बनाने के लिए ठोस कदम क्यों नहीं उठाए जा रहे।

सबसे चिंताजनक बात यह है कि नगर के कई हिस्सों में विद्युत तंत्र इतना जर्जर हो चुका है कि किसी भी समय बड़ा हादसा हो सकता है। जगह-जगह लटकते तार, ओवरलोड केबलें




और बार-बार होने वाले तकनीकी फाल्ट यह संकेत दे रहे हैं कि व्यवस्था खतरे की घंटी बजा रही है। लेकिन ऐसा लगता है कि जिम्मेदार अधिकारी किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहे हैं। क्या विभाग तब जागेगा जब किसी नागरिक की जान जाएगी। क्या तब बैठकों और जांच समितियों का दौर शुरू होगा।

गर्मी के मौसम में बिजली कटौती से आम जनता बेहाल है। छोटे व्यापारी नुकसान उठा रहे हैं, विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है, घरों में पेयजल की समस्या उत्पन्न हो रही है इसके बावजूद विभाग की ओर से कोई ठोस और दीर्घकालिक कार्ययोजना सामने नहीं आ रही। नगरवासियों में यह भावना गहराती जा रही है कि उनकी समस्याओं को सुनने वाला कोई नहीं है। शिकायतें दर्ज होती हैं, आश्वासन मिलते हैं। लेकिन धरातल पर स्थिति जस की तस बनी रहती है। विभागीय अधिकारी वातानुकूलित कार्यालयों में बैठकर आंकड़ों की बाजीगरी में व्यस्त दिखाई देते हैं, जबकि जनता अंधेरे और परेशानियों से जूझ रही है। इस पूरे मामले में जनप्रतिनिधियों की भूमिका भी सवालों के घेरे में है। जनता पूछ रही है कि जब नगर की सबसे बुनियादी आवश्यकता बिजली व्यवस्था चरमराई हुई है, तब जनप्रतिनिधियों की आवाज क्यों नहीं सुनाई दे रही? क्या जनता की परेशानी उनकी प्राथमिकता में शामिल नहीं है? यदि नहीं, तो फिर चुनावों के समय किए गए विकास और जनसेवा के वादों का क्या हुआ? आज आवश्यकता केवल अस्थायी मरम्मत की नहीं, बल्कि विद्युत व्यवस्था के संपूर्ण पुनर्गठन की है। पुरानी केबलों को तत्काल बदला जाए,.

## सेवानिवृत्त डिप्लोमा इंजीनियर एसोसिएशन की प्रांतीय बैठक

**उज्जैन।** मध्य प्रदेश सेवानिवृत्त डिप्लोमा इंजीनियर एसोसिएशन की त्रैमासिक बैठक 1 जुलाई को नर्मदापुरम में आयोजित की गई। इस प्रांतीय बैठक में प्रदेश भर की 12 क्षेत्रीय और 30 जिला समितियों के पदाधिकारियों ने हिस्सा लिया। बैठक में सात सूत्रीय एजेंडे पर चर्चा की गई, जिसमें उज्जैन जिले और क्षेत्रीय समिति की ओर से 11 पदाधिकारी प्रमुख रूप से शामिल हुए।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्रांताध्यक्ष उमेश दुबे ने महान अभियंता एम. विश्वेश्वरैया की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। स्थानीय जिलाध्यक्ष श्रीवास्तव और क्षेत्रीय अध्यक्ष बरेले ने मंचासीन अतिथियों का पुष्पमालाओं से स्वागत किया। इसके बाद महामंत्री चौधरी ने पिछली बैठक की कार्रवाई का अनुमोदन कराया और आगामी कार्यों के लिए सात सूत्रीय एजेंडा प्रस्तुत किया। प्रांतीय कोषाध्यक्ष बख्शी ने एसोसिएशन के आय-व्यय का लेखा-जोखा पेश कर सदन से उसका अनुमोदन कराया।

प्रदेश भर से आए जिलाध्यक्षों ने संगठन की मजबूती और इंजीनियरों के हितों पर अपने विचार व्यक्त किए। इस दौरान उज्जैन क्षेत्रीय समिति से 8 लोगों ने एसोसिएशन की संरक्षक सदस्यता भी ग्रहण की। कार्यक्रम के अंत में प्रांताध्यक्ष उमेश दुबे ने सभी को संबोधित किया।

### एक नजर में

## जिन्ना का ऑफर ठुकराने वाले अमर शहीद ब्रिगेडियर उस्मान को दी श्रद्धांजलि



**उज्जैन।** देश के महान सपूत ब्रिगेडियर मोहम्मद उस्मान के 78वें शहीदी दिवस पर सर सैयद अहमद वेलफेयर सोसायटी द्वारा अपंग आश्रम में पौधारोपण और विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आश्रमवासियों को दूध, ब्रेड और फलों का वितरण किया गया। संस्था अध्यक्ष पंकज जायसवाल एवं संरक्षक सैयद आबिद अली मीर ने बताया कि यह कार्यक्रम देश के वीर सपूत की स्मृति में आयोजित किया गया। विचार गोष्ठी में समाजसेवी इकबाल उस्मानी ने ब्रिगेडियर उस्मान का स्मरण करते हुए कहा कि वे देश के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले महान योद्धा थे। उनकी योग्यता और बहादुरी देखकर पाकिस्तान के संस्थापक जिन्ना ने उन्हें पाकिस्तानी सेना का प्रमुख बनने का ऑफर दिया था। मातृभूमि को सर्वोच्च मानते हुए उन्होंने यह प्रस्ताव ठुकरा दिया था। इससे नाराज होकर पाकिस्तान ने उनके सिर पर 50 हजार रुपए का इनाम रखा था। वक्ताओं ने बताया कि 1948 में जब पाकिस्तान ने कबाइलियों के जरिए कश्मीर पर कब्जा करने की नाकाम कोशिश की, तब ब्रिगेडियर उस्मान की बहादुरी और कुशल रणनीति के कारण दुश्मन को पीछे हटना पड़ा था। कश्मीर में जब तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू और सेना प्रमुख उनसे मिलने गए, तब उन्होंने आश्वस्त किया था कि आप देश की अंदरूनी सुरक्षा करें, हम पाकिस्तान को कभी कामयाब नहीं होने देंगे। अपना वादा निभाते हुए 3 जुलाई 1948 को वे वीरगति को प्राप्त हुए। अदम्य साहस के लिए उन्हें महावीर चक्र से सम्मानित किया गया। उनकी अंतिम यात्रा में तत्कालीन प्रधानमंत्री और तीनों सेनाओं के प्रमुख शामिल हुए थे। देश उनके बलिदान को कभी भुला नहीं पाएगा। कार्यक्रम में रफी शोध संस्थान के डायरेक्टर डॉ. तेज कुमार मालवीय, समाजसेवी सैयद उस्मान हसन, डॉ. एपीजे कलाम सोसायटी के अध्यक्ष अधिवक्ता समीर खान, समाजसेवी विनीत सोलंपंखी, शिक्षाविद लियाकत खान, मध्य प्रदेश हज कमेटी के पूर्व सदस्य हाजी इकबाल हुसैन, संस्था लक्ष्य के उपाध्यक्ष इरफान राईन, मोहम्मद फारूक मेव और नासिर मंसूरी ने भी अमर शहीद को श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम की जानकारी प्रचार सचिव चेतन ठक्कर और प्रवक्ता सैयद आशिक अली ने दी।

## डॉ. श्रीवास्तव को उत्कृष्ट चिकित्सा सेवा सम्मान



**महू.** राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस के उपलक्ष्य में मध्य क्षेत्र के लिए आयोजित उत्कृष्ट चिकित्सा सेवा सम्मान समारोह में शहर के होम्योपैथी चिकित्सक डॉ. अनुपम श्रीवास्तव का उनकी चिकित्सा उपलब्धियों के लिए सम्मान किया गया. भारत विकास परिषद एवं वेदा कैंसर एवं मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल उज्जैन के तत्वावधान में आयोजित इस सम्मान समारोह में सभी चिकित्सा विधाओं के चिकित्सकों को सम्मानित किया गया. होम्योपैथी क्षेत्र के लिए ये सम्मान डॉ. श्रीवास्तव को दिया गया. कार्यक्रम में अतिथि के रूप में डॉ. नितिन राणे कुलपति अवंतिका यूनिवर्सिटी उज्जैन, डॉ. शरद नायक, डॉ. संतोष शर्मा, डॉ. संजय गोकुलदास मौजूद थे. इस उपलब्धि पर डॉ. अनुपम श्रीवास्तव को शहर की अनेक संस्थाओं द्वारा बधाई प्रेषित की गई है.

## अर्जी वाले हनुमान मंदिर परिसर में 2000 फलदार पौधे का करेंगे रोपण

**उज्जैन।** बड़नगर रोड स्थित अर्जी वाले हनुमान मंदिर में निरंजनी अखाड़े के वरिष्ठ महामंडलेश्वर स्वामी प्रेमानंद पुरी महाराज के सानिध्य में आगामी 5 जुलाई को वृहद स्तर पर पौधरोपण किया जाएगा। सिंहस्थ 2028 में आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए मंदिर परिसर में 2 हजार फलदार पौधे रोपे जाएंगे। यह निर्णय मंदिर ट्रस्ट की बैठक में लिया गया।

इस पहल का मुख्य उद्देश्य सिंहस्थ 2028 में देशभर से आने वाले लाखों श्रद्धालुओं को ताजे फल और प्राकृतिक छाया उपलब्ध कराना है। पर्यावरण संरक्षण और श्रद्धालुओं की सेवा के लिए पिछले वर्ष भी मंदिर परिसर में एक हजार फलदार पौधों का रोपण किया गया था। अब ये पौधे पेड़ का रूप लेने लगे हैं और इनमें फल भी आने लगे हैं। मंदिर में दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालु इन फलों का रसस्वादन कर रहे हैं। अब 5 जुलाई को 2000 और नए पौधे लगाए जाएंगे, जो आगामी सिंहस्थ तक पूरी तरह फल देने के लिए तैयार हो जाएंगे। अर्जी वाले हनुमान मंदिर की श्रद्धालुओं में गहरी आस्था है। यहां प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु अपनी लिखित अर्जी लेकर पहुंचते हैं और भगवान के समक्ष अपनी मनोकामनाएं रखते हैं। मान्यता है कि यहां लगाई गई अर्जी जरूर पूरी होती है और मनोकामना पूर्ण होने पर श्रद्धालु यहां भंडारे सहित अन्य धार्मिक आयोजन करते हैं।

## स्वास्थ्य केंद्र की जमीन चयन और निरीक्षण के लिए संयुक्त दल ने किया भ्रमण

**उज्जैन।** शासन द्वारा उन्हेल स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) के रूप में स्वीकृत कर दिया गया है। प्रस्तावित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 30 से 50 बिस्तरों की व्यवस्था का प्रावधान है, जिसके लिए लगभग तीन बीघा भूमि की आवश्यकता होगी।

भूमि चयन एवं निरीक्षण के लिए एक संयुक्त दल का गठन किया गया था, जिसमें मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी उज्जैन डॉ. अशोक कुमार पटेल, जिला कार्यक्रम अधिकारी (महिला एवं बाल विकास विभाग) बृजेश त्रिपाठी, खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजीव कुमरावत, कर्मचारी नेहा निर्मल तथा क्षेत्रीय तहसीलदार शामिल थे। दल ने



प्रस्तावित भूमि का स्थल निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान भूमि की उपयुक्तता, पहुंच मार्ग, आधारभूत सुविधाओं की उपलब्धता तथा भविष्य में स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार की संभावनाओं का समुचित मूल्यांकन किया गया। दल के सभी अधिकारियों ने स्थल को स्वास्थ्य संस्थान निर्माण हेतु उपयुक्त एवं महत्वपूर्ण मानते हुए शीघ्र आवश्यक कार्यवाही प्रारंभ करने पर सहमति व्यक्त की। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के निर्माण से क्षेत्रीय नागरिकों को बेहतर एवं सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध होंगी तथा आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों को भी इसका प्रत्यक्ष लाभ प्राप्त होगा।

निरीक्षण के उपरांत मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अशोक कुमार पटेल एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी बृजेश त्रिपाठी द्वारा उंछेल शहर के वार्ड क्रमांक 5 में आयोजित टीकाकरण सत्र का भी निरीक्षण किया गया। उन्होंने बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं के शत-प्रतिशत टीकाकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## प्राचार्य किशोर परमार को विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी का अतिरिक्त प्रभार

**महिदपुर।** शासकीय यशवंत उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, महिदपुर के प्राचार्य किशोर परमार को विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी का अतिरिक्त प्रभार सौंपे जाने पर विद्यालय परिवार एवं शिक्षा जगत में हर्ष का वातावरण है। इस अवसर पर शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने परमार को बधाई देते हुए उनके सफल कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं। सभी ने विश्वास व्यक्त किया कि उनके नेतृत्व में विकासखण्ड की शैक्षणिक एवं प्रशासनिक गतिविधियों को नई दिशा और गति मिलेगी। इसी क्रम में संजय त्रिवेदी एवं शांतिलाल मालवीय के शासकीय यशवंत उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, महिदपुर में स्थानांतरण होने पर विद्यालय परिवार द्वारा उनका आत्मीय स्वागत किया गया। पुष्पगुच्छ भेंट कर दोनों शिक्षकों का अभिनंदन किया गया तथा उनके अनुभव और सेवाओं से विद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता में और अधिक वृद्धि होने की आशा व्यक्त की गई। विद्यालय परिवार ने प्राचार्य किशोर परमार को अतिरिक्त दायित्व के लिए शुभकामनाएं देते हुए नवागत शिक्षकों का स्वागत किया तथा उनके उज्ज्वल एवं सफल कार्यकाल की कामना की।



## नरेंद्र राठी बने लायंस क्लब महाकाल के अध्यक्ष

**उज्जैन।** लायंस क्लब उज्जैन महाकाल की वर्ष 2026-27 की नवीन कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न हुआ। समारोह में लायन नरेन्द्र राठी ने क्लब के 30वें वर्ष के अध्यक्ष के रूप में पद और गोपनीयता की शपथ ली। क्लब के पीआरओ गुरदीप सैनी ने बताया कि समारोह के मुख्य अतिथि एवं शपथ अधिकारी द्वितीय वाइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर एमजेएफ लायन संजय जी सक्सेना थे। उन्होंने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को दायित्व निर्वहन की शपथ दिलाई। इस अवसर पर रीजन चेयरमैन दिनेश राठौर और जोन चेयरमैन शिव बंसल विशेष रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम संयोजक संजीव गाडगिल ने क्लब में शामिल हुए नवीन सदस्यों को भी शपथ ग्रहण करवाई।




**इन पदाधिकारियों ने ली दायित्वों की शपथ:** समारोह में अध्यक्ष नरेन्द्र राठी के अलावा सचिव कैलाश डागा, कोषाध्यक्ष अजीत बैराठी, निवर्तमान अध्यक्ष राजेन्द्र गिल, प्रथम उपाध्यक्ष आरपी सिंह, द्वितीय उपाध्यक्ष प्रदीप सिंह और तृतीय उपाध्यक्ष अभिजर सेठजी वाला ने शपथ ली। इसी तरह सहसचिव सुधीर गुप्ता, टेमर दिपेन्द्र नामदेव, टेलस्विस्टर पंकज नीमा, पीआरओ गुरदीप सैनी, नॉमिनेशन कमेटी आरएस गिल, सदस्यता समिति दिलीप मेहता, प्रशासनिक समिति विजय तिवारी व रवि भण्डारी ने भी अपने पदों की शपथ ली। इसके साथ ही संचालक मंडल में चंद्र गुप्ता, राजेन्द्र मोरे, शैलेश शर्मा, मुकेश दिसावल, पवन त्रिपाठी, गोपाल पण्ड्या और प्रमोद जेठलिया ने दायित्व ग्रहण किया।

**जरूरतमंदों को बांटे जाएंगे उपकरण:** शपथ ग्रहण के उपरांत नवनियुक्त अध्यक्ष नरेन्द्र राठी ने अपने उद्बोधन में आगामी वर्ष के सेवा कार्यों की रूपरेखा प्रस्तुत की।

## सीईओ जिला पंचायत ने किया महिदपुर की ग्राम पंचायतों का निरीक्षण

**उज्जैन। शुक्रवार को मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रेयांस कुमट द्वारा जनपद पंचायत महिदपुर की ग्राम पंचायत ढाबलीकम्मा, गोगापुर, कोयल, झुटावद, कंथारिया, झारडा एवं कानाखेडीएकलासपुर के ग्राम करनावद का भ्रमण किया गया।**

भ्रमण के दौरान ग्राम पंचायत ढाबलीकम्मा में सामुदायिक शेड निर्माण, शान्तीधाम में सीसी रोड का निरीक्षण कर वृक्षारोपण कराने के निर्देश दिये गये। ग्राम पंचायत गोगापुर में शान्तीधाम परिसर में सामुदायिक वृक्षारोपण का शुभारम्भ किया गया एवं शान्तिधाम परिसर की प्रगतिरत बाउण्ड्रीवाल का निरीक्षण कर शीघ्र कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिये। ग्राम पंचायत कोयल मे उद्यानिकी विभाग



के हितग्राही मेहरबान सिह पिता मांगूसिह के अमरूद के बगीचे का निरीक्षण किया गया। ग्राम पंचायत झुटावद में सामुदायिक भवन प्रगतिरत कार्य का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिये गये। ग्राम पंचायत कानाखेडी एकलासपुर के ग्राम करनावद में जल निगम द्वारा प्रगतिरत कार्य का निरीक्षण किया गया एवं जल निगम को रोड़ रिस्टोरेशन के निर्देश दिये गये। ग्राम पंचायत कंथारिया में प्रगतिरत अटल पंचायत भवन का निरीक्षण कर परिसर में वृक्षारोपण करने के निर्देश दिये गये। ग्राम पंचायत झारडा में स्वास्थ्य का निरीक्षण के पश्चात शासकीय चिकित्सालय का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिये गये।

भ्रमण के दौरान अजय हिंगे अनुविभागीय अधिकारी, राजस्व महिदपुर, डॉ. मारीषा शिंदे प्रभारी उपायुक्त विकास एवं पदेन मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत महिदपुर, श्री कमल पाटीदार अतिरिक्त कार्यक्रम मनरेगा, अक्षय मूणत उपयंत्री प्रेमनारायण कोशल उपयंत्री, संदीप कुमार उपयंत्री, जनपद पंचायत महिदपुर एवं संबन्धित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

## हरि फाटक से रेलवे ब्रिज तक रेंग रहे वाहन, पुल पार करने में छूट रहे पसीने

**महू.** स्थानीय हरि फाटक चाट चौपाटी क्षेत्र की ट्रैफिक व्यवस्था अब आम जनता के लिए जी का जंजाल बन चुकी है. जाम का दायरा अब सिर्फ चौराहे तक सीमित नहीं है, बल्कि यह हरि फाटक चौपाटी से लेकर सीधे रेलवे ब्रिज तक फैल रहा है. शाम के समय हालात इतने बदतर हो जाते हैं कि वाहन चालकों को महज यह छोटा सा रेलवे ब्रिज पार करने में ही घंटों का समय लग रहा है. सड़क संकरी होने और चौपाटी के पास वाहनों के गलत तरीके से खड़े होने के कारण रेलवे ब्रिज के ऊपर और नीचे दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतारें लग जाती हैं. पुल पर चढ़ने और उतरने वाले वाहन आमने-सामने फंस रहे हैं. इसके कारण एम्बुलेंस जैसी आपातकालीन सेवाएं भी इस पूरे स्ट्रेच मार्ग पर अटक कर रह जाती हैं. स्थानीय निवासियों का कहना है कि शाम के समय यहाँ पैर रखने की जगह नहीं होती, लेकिन इस व्यस्त चौराहे और ब्रिज की व्यवस्था को संभालने के लिए सिर्फ दो ट्रैफिक पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगाई जाती है. कम बल होने के कारण स्थिति हाथ से बाहर हो जाती है. बारिश शुरू होते ही सड़क पर वाहनों की कतारें और लंबी हो जाती हैं. ईंट के भट्टों से आने वाले ट्रैक्टर-ट्रॉली भी बेतरतीब ढंग से बीच रास्ते में आकर जाम को और गंभीर बना देते हैं. इन नियमों का उल्लंघन करने वाले चालकों पर कोई सख्त कार्रवाई नहीं हो रही है.

## दीक्षा आंतरिक सुदृढ़ता तो शिक्षा बनाती है समर्थ

**उज्जैन।** शासकीय कालिदास कन्या महाविद्यालय में आयोजित दीक्षारंभ कार्यक्रम के तृतीय दिवस का समापन समारोहपूर्वक हुआ। अंतिम दिन नवप्रवेशित छात्राओं का तिलक लगाकर आत्मीय स्वागत किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक अनिल जैन कालूखेड़ा ने छात्राओं को प्रारंभिक शिक्षा से उच्च शिक्षा की ओर सही दिशा में अग्रसर होने का संदेश देते हुए उनके सतत विकास के लिए आवश्यक अनुदान प्रदान करने की घोषणा की।

विशिष्ट अतिथि उच्च शिक्षा विभाग के अतिरिक्त संचालक डॉ. एच.एल. अनिजवाल ने कहा कि महाविद्यालय का वातावरण विद्यार्थियों की सोच में सकारात्मक



परिवर्तन लाता है। श्रेष्ठ संस्थान में अध्ययन उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला है। प्राचार्य डॉ. वंदना गुप्ता ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि दीक्षा व्यक्ति को आंतरिक सुदृढ़ता प्रदान करती है, जबकि शिक्षा उसे शैक्षणिक रूप से समर्थ और प्रबुद्ध बनाती है। यह नई उड़ान का स्वर्णिम अवसर है। प्रशासनिक अधिकारी डॉ. महेंद्र जैन ने महाविद्यालय के गौरवशाली इतिहास और उपलब्धियों पर प्रकाश डाला।

कार्यक्रम का संचालन कर रही संयोजिका डॉ. कविता जैन मंगलम ने विभिन्न समितियों के प्रभारियों से छात्राओं का परिचय कराया। इस दौरान डॉ. अजय भार्गव ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020, डॉ. अंजना जायसवाल ने एनसीसी, डॉ. अंजना बुंदेला ने करियर मार्गदर्शन, डॉ. इंदु बंसल ने विद्यार्थी परामर्श, डॉ. स्मिता देराश्री ने आईडीपी व अपार आईडी की जानकारी दी।

**▸ इनका रहा सहयोग**

कार्यक्रम का शुभारंभ संगीत विभाग की डॉ. मीना मोघे एवं डॉ. इब्राहिम अली द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वंदना व मध्यप्रदेश गान से हुआ। आयोजन में श्रीमती वीथिका जैन, डॉ. अजय हाड़ा, डॉ. अब्दुल वाहिद, डॉ. सीमा उपाध्याय, डॉ. शगुफ्ता, डॉ. सिद्दीकी पुगारे, डॉ. शबाना, डॉ. पूजा साहू एवं डॉ. योगिता खटके का विशेष सहयोग रहा। आभार डॉ. स्मिता देराश्री ने माना।

**एक नजर ▸ भाजपा मंडल की डिजिटल लर्निंग बैठक संपन्न**

## बूथ समितियों की प्राथमिक सदस्यता-डिजिटल प्रशिक्षण पर जोर

**नागदा।** भारतीय जनता पार्टी नागदा नगर मंडल एवं बिरला ग्राम मंडल की डिजिटल लर्निंग बैठक पृथक पृथक नगर मंडल अध्यक्ष विजय पटेल द्वारा पार्टी कार्यालय पर मंडल अध्यक्ष प्रकाश जैन की अध्यक्षता में स्थानीय सर्किट हाउस पर संपन्न हुई।

बैठक में संगठनात्मक गतिविधियों की समीक्षा करते हुए बूथ स्तर तक संगठन को और अधिक सशक्त एवं डिजिटल रूप से सक्षम बनाने पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में प्रत्येक बूथ समिति के ऐसे सदस्यों की प्राथमिक सदस्यता तत्काल सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए, जो अभी तक प्राथमिक



सदस्य नहीं बने हैं। इसके लिए 8800002024 पर मिस्ड कॉल कर सदस्यता ग्रहण कराने का आग्रह किया गया। साथ ही प्रत्येक बूथ समिति के सभी सदस्यों का डिजिटल लर्निंग कोर्स पूर्ण कराकर उनका प्रमाण-पत्र (सर्टिफिकेट) जारी कराना भी सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया गया। बैठक में संगठन की आगामी कार्ययोजना, डिजिटल सशक्तिकरण एवं कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी को लेकर भी विचार-विमर्श किया गया। वक्ताओं ने कहा कि डिजिटल रूप से प्रशिक्षित एवं जागरूक कार्यकर्ता ही संगठन को और अधिक मजबूत बना सकते हैं।

बैठक में जिला अध्यक्ष राजेश धाकड़, जिला महामंत्री राकेश यादव, मंडल प्रभारी कैलाश विपट, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि ओपी गेहलोत, नगर पालिका उपाध्यक्ष सुभाष शर्मा सहित नगर मंडल के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। नगर मंडल की बैठक का संचालन महामंत्री दौलत प्रजापत में किया तथा आभार विनय लक्ष्मी गुर्जर ने माना। जानकारी नगर मंडल के मीडिया प्रभारी निलेश मेहता ने दी।